### सीएम ने कहा-बिहार में नदी जोड़ योजना पर तेजी से काम हो

# नीतीश का निर्देश- हर हाल में 2025 तक हर खेत में पहुंचे सिंचाई का पानी

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजना, 2025 तक हर हाल में पूरी हो। बिहार के अंदर नदियों को जोड़ने पर तेजी से काम हो। जरूरत के अनुसार चेकडैम बनाया जाए। इससे पर्यावरण संरक्षित रहता है, हरियाली भी कायम रहती है। वे गुरुवार को 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा- 'टाल क्षेत्र की योजनाओं से आप अवगत हैं।' मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, शिवहर आदि क्षेत्रों में बाढ़ व जलजमाव के पहले की भयावह स्थितियों के बारे में विस्तार से बताया। कहा-हमने काफी काम कराया। अब सीतामढ़ी और शिवहर में लोग आसानी से सालों भर आवाजाही करते हैं। बाकी क्षेत्रों में भी हालात सुधरे हैं।

## जिलों में जरूरत के अनुसार चेकडैम बनाया जाए



मुख्यमंत्री ने कहा कि बांका, जमुई, भागलपुर, औरंगाबाद, कैमूर जैसे जिलों में जरूरत के अनुसार चेकडैम बनाया जाए। उन्होंने इसके फायदे बताए। उनका कहना था कि जल संसाधन विभाग अपने जिम्मे की योजनाओं को पूरा करने के लिए, जरूरत पड़े तो रिटायर इंजीनियरों की सेवाएं भी ले। लघु जल संसाधन विभाग को कोई कठिनाई हो रही है, तो वह कृषि विभाग से मदद लें। निजी नलकूप योजना को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसमें सरकार हरसंभव मदद करेगी। बैठक में मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, अमरेंद्र प्रताप सिंह, संजय कुमार झा, श्रवण कुमार, संतोष कुमार सुमन अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।